2. आंगनवाड़ी केंद्र धामनोद इन्द्रानगर- 10 बजे आंगनवाड़ी केंद्र अवलोमन करने पर बंद पाया गया।

3. आंगनवाड़ी केंद्र धामनोद गुलजारा- समय 11.10 पर केंद्र पर 12 बच्चें उपस्थित थे। जिसमें से कुछ बड़े भी थे। कार्यकर्ता ने बताया कि समूह द्वारा नाश्ता एवं खाना एक साथ 10.30 बजे दिया जाता है। बच्चों को 11.15 बजे तक नाश्ता नहीं दिया गया था। कार्यकर्ता ने नाश्ता एवं भोजन एक साथ देने का बताया जो कि उचित नहीं है। केंद्र पर उपलब्ध रोटी की गुणवत्ता अच्छी नही थी। खिचड़ी की मात्रा भी 1.500 से 2 कि.ग्राम थी। केंद्र समय सारणी के अनुसार संचालित नहीं किया जा रहा है। बच्चों की उपस्थिति बहुत कम है। जबकि क्षेत्र में बच्चों की सख्या अधिक है।

(सेक्टर पर्यवेक्षक प्रमीला)

4. आंगनवाड़ी केंद्र डहीबर- समय 11.30 बजे केंद्र अवलोमन किया गया। केंद्र पर साज सज्जा नही की गई। जबकि भवन अच्छा है। कार्यकर्ता ने बताया कि समूह प्रतिदिन चावल की खिचड़ी ही देता है। जिसकी मात्रा भी बहुत कम लगभग 500 ग्राम होती है। खाना भी 10-15 बच्चों को ही दिया जा रहा है। कार्यकर्ता ने बताया कि अभी तक उसने कोई उपस्थिति प्रमाणित नहीं की है। फिर समूह को राशि का भुगतान किस आधार पर किया जा रहा है। टीएचआर उपलब्ध है। सहायिका अनुपस्थित थी।

(सेक्टर पर्यवेक्षक बबली डाबर)

5. आंगनवाड़ी केंद्र मातन्दा परियोजना महेश्वर जिला खरगोन- समय 12 बजे अवलोकन के समय 3 बच्चे उपस्थित थे। जो खिलौनों से खेल रहे थे। कार्यकर्ता ने बताया कि बच्चे नाश्ता करके चले गये हैं अब खाने के समय पुनः आ जायेंगे। यह स्थिति ठीक नहीं है। नाश्ते में हलुआ दिया गया। कार्यकर्ता निर्मला कन्हैयालाल ने बताया सहायिका का पद पिछले 8 माह से रिक्त है। समय सारणी अनुसार केंद्र संचालित नहीं किया जा रहा है।

(सेक्टर पर्यवेक्षक सरस्वती सोनी)

6. आंगनवाड़ी केंद्र लाडवी- समय 12.30 बजे बच्चे अनुपस्थित थे। कार्यकर्ता सरिता यादव ने 15 बच्चों को नाश्ता देने का बताया। खाने में सब्जी, रोटी दी गई। भोजन चख कर देखा गया, गुणवत्ता अच्छी थी। 75 बच्चों का वजन लिया गया इसमें 6 बच्चे, मध्यम कम वजन के तथा 2 बच्चे अति कम वजन के बताये गये। केंद्र समय सारणी के अनुसार संचालित नहीं किया जा रहा है।

7. आंगनवाड़ी केंद्र नवलपुरा द्वितीय -

समय 12.45 पर बच्चे अनुपस्थित थे। कार्यकर्ता ने 15 बच्चों भोजन देने का बताया। 136 बच्चों का वजन लिया गया इसमें 20 बच्चे मध्यम कम वजन के तथा 2 बच्चे अति कम वजन के बताये गये। 6 माह से मंगल दिवस की राशि जमा नहीं की गई। समय सारिणी अनुसार गतिविधियों का संचालन नहीं किया जा रहा है।

(सेक्टर पर्यवेक्षक तारा वर्मा)

8. आंगनवाड़ी केंद्र गंगाझीरा मण्डलेश्वर -

समय 1.15 केंद्र अवलोकन किया गया। केंद्र व्यस्थित होकर तथा साज सज्जा पूर्ण था। कार्यकर्ता ज्योति सोपरा ने बताया कि 135 बच्चों का वजन लिया गया इसमें 45 बच्चे मध्यम वजन के तथा 8 बच्चे अति कम वजन हैं। रिकार्ड उपलब्ध था। कार्यकर्ता को केंद्र संचालन की अच्छी जानकारी है।

निरीक्षण प्रतिवेदन

डॉ. संध्या व्यास संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास इंदौर संभाग इंदौर द्वारा दिनांक 1.09.2010 को आकस्मिक रूप से निम्न आंगनवाड़ी केंद्र का अवलोकन किया गया जिसमें निम्नानुसार स्थिति पायी गयी।

आंगनवाड़ी केंद्र मारुति नगर- प्रातज्ञ 11.15 बजे आंकनवाड़ी केंद्र का अवलोकन किया गया। केंद्र पर 10-12 बच्चे उपस्थित थे। कार्यकर्ता शालिनी वर्मा तथा सहायिका ललिता सोलंकी के द्वारा बच्चों का वजन लिया जा रहा था। केंद्र पर उपस्थिति पंजी, वजन पंजी, पोषण आहार पंजी का रिकार्ड संधारण व्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। केंद्र पर बच्चों के माता-पिता स्वतः ले कर आ रहे थे।

समुदाय में वृद्धि निगरानी के प्रति अत्यंत जागरूकता देखने को मिली। केंद्र पर 7-8 बच्चे मध्यम कुपोषित श्रेणी के बताये गये तथा अति कुपोषित श्रेणी के बच्चें नहीं हैं। अवलोकन में प्रतीत हुआ कि कार्यकर्ता व सहायिका समर्पित भाव से कार्य कर रही है एवं पर्यवेक्षक वीणा श्रीवास्तव का मार्गदर्शन अच्छा है। मारुति नगर जैसे आंगनवाड़ी केंद्रों, जहां कुपोषण कम है कि कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का उपयोग अधिक कुपोषण वाले क्षेत्रों में साप्ताहिक गहन परामर्श/ लक्षित गृह भेंट अभियान चलाकर अथवा इन क्षेत्रों में पोषण शिविर का आयोजन कर किया किया जा सकता है। परियोजना अधिकारी इस संबंध में कार्यवाही कर फीड बैक दें।

हर मोहल्ले में हो जिम, इंडोर आउट डोर खेल व्यवस्था

पृष्ठ 8 का शेष

ताकि हर बस्ती में, कालोनी में, सार्वजनिक बगीचों की, सामुदायिक भवनों की व्यवस्था, के साथ ही इंडोर, आउटडोर, खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, जनता को तन-मन से स्वास्थ्य और स्फूर्त बनाए रखने के लिए सार्वजनिक व्यायाम शालाए, योग केन्द्र, हॉकी, फुटबाल, क्रिकेट के साथ जिम्नास्टिक, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, बालीबाल, बास्केअ बाल, बेटमिंटन आदि खेलने की व्यवस्थाएं भी हो। वर्ष में दो-तीन बार छोटी बड़ी स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी वार्ड स्तर पर नगर स्तर पर नगर पालिकाएं, निगम खेल मंत्रालय के सहयोग से करवाएं। निःसंदेह पहले दो-तीन वर्ष बड़ा बजट लगेगा। परंतु जनता के स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च होने वाला बजट तीसरे वर्ष से कम होने लगेगा। इन केन्द्रों की स्थापना के 5 वे वर्ष के बाद। स्वास्थ्य सेवाओं पर होने वाला कुल खर्च आधा हो जाएगा। और खेल केन्द्रों के विकास पर हुआ कुल पूंजी, तीसरे वर्ष से हर क्षेत्र में इस पूंजी खर्च का कई गुना ज्यादा का लाभ पूरे देश को देने लगेगा। इससे हर क्षेत्र में जनता की सकरात्मक सोच का लाभ देश के औद्योगिक उत्पादन को बढ़ाने, ग्रामीणों में नई सोच विकसित करने, अच्छी कृषि पैदावार बढ़ाने में भी सहायक होगा।

यह कार्य ज्यादा पूंजी निवेश भी नहीं चाहता पर यह अवश्य है, कि प्रशासन और चुने हुए जन प्रतिनिधियों की ठोस इच्छा शक्ति अवश्य चाहता है। एक बार शुरुआत होने पर वर्षभर में ही चारों तरफ से बेहतर परिणामों को सामने ही देख जा सकेगा । बेशक डॉक्टरों के लिए बड़े घाटे का सौदा होगा।



शासन बना रहा नर्मदा को जहरीला

म.प्र. में तमाम शोध और अध्ययन बताते हैं कि नर्मदा को लेकर बनी योजनाओं से दूरगामी परिणाम सकारात्मक नहीं होंगे। भयंकर परिणामों के बावजूद 'नर्मदा समग्र्य अभियान वाली हमारी सरकार नर्मदा जल में जहर घोलने की तैयारी क्यों कर रही है?

मध्यप्रदेश की जीवनरेखा नर्मदा अगले 10-12 सालों में जहरीली हो जाएगी। अमरकंटक से खंभात की खाड़ी तक करीब 18 थर्मल पावर प्लांट लगाने की तैयारी है। जबलपुर से होशंगाबाद तक पांच पावर प्लांट को सरकारों ने मंजूरी दे दी है। इनमें सिवनी जिले के चुटका गांव में बनने वाला प्रदेश का पहला परमाणु बिजली घर भी शामिल है। यह बरगी बांध के कैचमेंट एरिया में है। परमाणु ऊर्जा का मुख्य केंद्र रहा अमेरिका अब परमाणु कचरे का निष्पादन नहीं कर पा रहा है। इसके बावजूद भारत में इन परियोजनाओं से निकलने वाले परमाणु कचरे की निष्पादन की बात सर?रें नहीं कर रही हैं। इन परियोजनाओं के लिए नर्मदा का पानी देने का करार हुआ है। नरसिंहपुर के पास लगने वाले पावर प्लांट की जद में आने वाली जमीन एशिया की सर्वोत्तम दलहन उत्पादक है। कोल पावर प्लांट के दुष्परिणामों का अंदाजा सारणी के आसपास जंगल और तवा नदी के नष्ठ होने से लगाया जा सकता है। इतने भयंकर परिणामों के बावजूद 'नर्मदा समग्र्य अभियान वाली हमारी सरकार नर्मदा जल में जहर घोलने की तैयारी क्यों कर रही है ?

दो हजार हैक्टेयर में बनने वाले चुटका परमाणु पावर प्लांट की जद में 36 गांव आएंगे। इनमें से फिलहाल चुटका, कुंडा, भालीबाड़ा, पाठा और टाडीघाट गांव को हटाने की तैयारी है। निर्माण एजेंसी न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन और स्थानीय प्रशासन इस बाबत नोटिस दे चुका है। 1400 मेगावाट क्षमता के दो रिएक्टर वाले इस प्लांट में 100 क्यूसेक पानी लगेगा। एक अनुमान के मुताबिक चुटका परमाणु पावर प्लांट में जितना पानी लगेगा, उससे हजारों हैक्टेयर खेती की सिंचाई की जा सकती है। परमाणु बिजली के संयंत्र के ईंधन के रूप में यूरेनियम का इस्तेमाल? किया जाता है। इसकी रेडियोधर्मिता के दुष्परिणाम जन, जानवर, जल, जंगल और जमीन को स्थायी रूप से भुगतने पड़ते हैं। इसका अंदाजा रावतभाटा परमाणु संयंत्र की अध्ययन रिपोर्ट से लगाया जा सकता है। जानकारों के मुताबिक परमाणु कचरे की उम्र 2.5 लाख वर्ष है। इसे नष्ठ करने के लिए जमीन में गाड़ दिया जाए तो भी यह 600 वर्ष तक बना रहता है। इस दौरान भूजल प्रदूषित करता है। चुटका में प्लांट बनने से नर्मदा व सहायक नदियों के प्रदूषित होने की आशंका है। इतना ही नहीं, भूकंप की आशंका भी बढ़ जाती है। वहीं, चुटका में निर्माण एजेंसी अपनी आ?सीय कॉलोनी प्लांट से करीब 14 किलोमीटर दूर बना रही है। प्लांट के लिए भूमि सर्वे और भूअर्जन की कोशिश जारी है, लेकिन आदिवासी और मछुआरे हटने को तैयार नहीं हैं। दरअसल ये सभी बरगी से विस्थापित हैं। हालांकि कंपनी के इंजीनियर करीब 40 फीट गहरा होल करके यहां की मिट्टी और पत्थरों का अध्ययन कर चुके हैं।

परमाणु कचरा बरपाएगा कहर

राजस्थान में चंबल नदी पर बने 220 मेगावाट के रावतभाटा परमाणु बिजली घर के 20 साल बाद आसपास के गांवों की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक परमाणु बिजली घर से होने वाले प्रदूषण के घातक परिणाम लोगों को भुगतने पड़ रहे हैं। संपूर्ण क्रांति विद्यालय बेड़छी, सूरत की इस रिपोर्ट के मुताबिक आसपास के गांवों में जन्मजात विकलांगता के मामले बढ़े हैं। प्रजनन क्षमता प्रभावित होने से निसंतान युगलों की संख्या बढ़ी है। हड्डी का कैंसर, मृत और विकलांग नवजात, गर्भपात और प्रथम दिवसीय नवजात की मौत के मामले तेजी से बढ़े हैं। वहीं लोगों की रो? प्रतिरोधक क्षमता भी प्रभावित हुई है। जन्म और मृत्यु के आंकड़ों का विश्लेषण करने पर सामने आया कि यहां औसत आयु करीब 12 वर्ष कम हो गई है। लंबे अर्से का बुखार, असाध्य त्वचा रोग, आंखों के रोग, कमजोरी और पाचन संबंधी गड़बड़ियां भी बढ़ी हैं। इन 20 वर्षों में बारिश के दिनों में हवा में सबसे अधिक प्रदूषण छोड़ा गया। इससे इन गांवों का पानी भी काफी प्रदूषित हो गया है। 220 मेगावाट के प्लांट से 20 सालों में यह स्थिति बनी है, जो 1400 मेगावाट के चुटका प्लांट से करीब 10 साल में निर्मित हो जाएगी। एक अन्य अध्ययन रिपोर्ट के म?ताबिक कंपनियां जितना दावा करती हैं उतना उत्पादन किसी भी पावर प्लांट से नहीं हुआ है। वहीं, इस दावे के मुताबिक जंगल और कृषि भूमि स्थायी रूप से नष्ठ की जा चुकी होती है। रिपोर्ट के मुताबिक 1000 मेगावाट तक की परियोजनाओं की निगरानी केंद्र और राज्य सरकारें नहीं करती है, जिससे ये गड़बड़ियां और बढ़ जाती हैं। उक्त अध्ययन से जुड़ी पर्यावरणविद संघमित्रा देसाई का कहना है कि परमाणु बिजली घरों में यूरेनियम और भारी पानी के इस्तेमाल से ट्रीसीयम (ट्रीटीयम) निलकता है। यह हाईड्रोजन का रूप है। यह खाली होता है तो उड़कर हवा में म?ल जाता है। पानी के साथ होने पर जल प्रदूषित करता है। मानव शरीर इसे हाइड्रोजन के रूप में ही लेते हैं। इसका अधिकांश हिस्सा यूरिन के जरिए निकल जाता है, लेकिन जब यह किसी सेल में फंस जाता है तो कई घातक बीमारियां हो जाती हैं। रेडियो एक्टिविटी से पेड़ों को नुकसान होता है। परमाणु कचरे को नष्ठ करना मुश्किल काम है। यह हजारों वर्ष तक बना रहता है। अमेरिका इस समस्या से जूझ रहा है।

पर्यावरणीय खतरा

थर्मल कोल पावर प्लांट से निकलने वाली राख से पानी इतना प्रदूषित हो जाएगा कि इसे मवेशी भी नहीं पी सकेंगे। 500 मेगावाट के सारणी स्थित सतपुड़ा थर्मल कोल पावर प्लांट से निकलने वाली राख से तवा नदी का पानी इसी तरह प्रदूषित हो चुका है। इसमें नहाने पर लोगों की चमड़ी जलती है और त्वचा रोग हो जाते हैं। इसकी राख के निस्तारण के लिए हाल ही हजारों पेड़ों की बलि चढ़ा दी गई, जबकि पहले से नष्ठ किए गए जंगल की भरपाई नहीं की जा सकी है। इतने दुष्परिणामों के सामने आने के बावजूद मध्यप्रदेश में देवी स्वरूप नर्मदा के किनारे थर्मल को? पावर प्लांट की अनुमति देना जनहित में नहीं है। नर्मदा में लाखों लोग डुबकी लगाकर पुण्य का अनुभव करते हैं। उनकी रूह भी इस पानी में नहाने के नाम से कांप उठेगी। राख से नर्मदा की गहराई पर भी असर होगा। वहीं गंगा के जहरीले होने के कारण सरकार ने हाल ही में यह निर्णय लिया है कि इसके किनारे अब ऐसा कोई निर्माण नहीं किया जाएगा, तो नर्मदा की चिंता क्यों नहीं की जा रही है?

थर्मल पावर प्लांट

नर्मदा के किनारे चार थर्मल पावर प्लांट को भी मंजूरी मिली है। सिवनी जिले की घनसौर तहसील के गांव झाबुआ में बनने वाले प्लांट की क्षमता 600 मेगावॉट होगी। निर्माण एजेंसी के आंकड़ों के मुताबिक इसमें प्रतिघंटा छह सौ टन कोयले की खपत होगी, जिससे 150 टन राख प्रतिघंटा निकलेगी, जबकि हकीकत यह है कि कोयले से 40 प्रतिशत राख निकलती है। इस तरह करीब 250 टन राख प्रतिघंटा निकलेगी। इसका निस्तारण जंगल और नर्मदा किनारे किया जाएगा, जिससे पर्यावरणीय संकट पैदा होना तय है। दूसरा कोल पावर प्लांट नरसिंहपुर जिले के गाडरवाड़ा तहसील के?तूमड़ा गांव में एनटीपीसी द्वारा बनाया जाएगा। 3200 मेगावॉट क्षमता के इस प्लांट से नौ गांवों के किसानों की जमीन पर संकट है। इसके लिए करीब चार हजार हैक्टेयर जमीन ली जानी है, जबकि पास ही तेंदूखेड़ा ब्लाक में करीब 4500 एकड़ सरकारी जमीन खाली पड़ी है। इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। इस प्लांट की जद में आने वाले गांवों की जमीन एशिया में सबसे अच्छी दलहन उत्पादक है। तीसरा 1200 मेगावॉट क्षमता का थर्मल कोल पावर प्लांट जबलपुर जिले के शहपुरा भिटोनी में बनाया जाना है। इसका निर्माण एमपीईबी द्वारा किया जाएगा। इसका सर्वे किया जा चुका है। इसकी जद में करीब 800 किसानों की जमीन आ रही है। चौथा थर्मल पावर प्लांट नरसिंहपुर जिले के झासीघाट में मैसर्स टुडे एनर्जी द्वारा 5400 करोड़ की लागत से किया जाएगा। 1200 मेगावॉट क्षमता वाले इस प्लांट के लिए 100 एकड़ जमीन की जरूरत है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

नेशनल हाइवे लूट अथॉरिटी ऑफ इंडिया-डकैत है कमलनाथ

अंधों की रेवड़ी की तरह बांटे रा.रा. के बीओटी ठेके

सूचना अधिकार में गोलमाल जवाब, अधिकारियों की बपौती है रिकार्ड
रु. 1 करोड़ की लागत की सड़कें रु. 16 करोड में लूट के ठेकेदारों को गिरवी कर वसूला जायेगा जनता से

भारत में केंद्र सरकार में बैठे महाजालसाजों, धूर्त डकैतों का गिरोह राष्ट्रीय प्राकृतिक स्रोतों से लेकर जनता तक को हर तरीके और कोनों से केवल लूट और वसूली में लगा है, जिसके बारे में समय अपने शैशवकाल से बड़े स्पष्ट और सटीक अंदाज में प्रस्तुति देता आ रहा है। इसी संदर्भ में आगे हम राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रही ठेकेदारों की बीओटी के अंतर्गत चल रही प्रतिदिन अरबों रु. की डकैती पर कुछ सटीक तथ्य-

केंद्र शासित दिल्ली में मेहरोली से गुड़गांव सात किमीत्र की सड़क अप्रैल 2010 में दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने 6 लेन सडत्रक मात्र रु. 8.4 करोड़ में बनाकर पूरी कर दी थी। पूरी हो जाने के बाद इन डकैतों राष्ट्रीय राजमार्ग लूट प्राधिकरण ने पुनः इसी बनी बनाई सड़क पर रु. 109 करोड़ का इस्टीमेट तैयार कर दिया जिसमें बस साइकल ट्रक और फूटपाथ और जोड़ दिया और समय सीमा अनिर्धारित छोड़ दी गई; अब यदि रा.रा. लूट प्राधिकरण का ठेकेदार रु. 109 करोड़ में सड़क को ठेके पर लेगा तो क्या बनायेगा मात्र फुटपाथ और साइकल ट्रेक जबकि वहां उसी राष्ट्रीय राजमार्ग के मंत्री कमलनाथ का बंगला है इसलिए जमीन के अभाव में ठेकेदार ने काम अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया है। यहां महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि सायकल ट्रेक और फुटपाथ बनाने पर ज्यादा से ज्यादा खर्च दिल्ली दरों पर भी निकालें तो रु. 25 लाख प्रति कि. 6 लेन तो पहले से ही बनी हुई है। अर्थात प्रति किमी. रु. 15 करोड़ 55 लाख में से ठेकेदार रु. 55 लाख प्रति किमी. भी खर्च नहीं करेगा और 25 वर्ष तक रु. 109 करोड़, ब्याज और रखरखाव के मान से जनता से वसूली करेगा; अर्थात रु. 109 से 12 करोड़ किमी. के हिसाब से कमीशन डकारा गया। दूसरी ओर नेशनल रोड कांग्रेस और भूतल परिवहन मंत्रालय हर दो-तीन वर्ष में दरों की अनुसूची तैयार करते हैं। केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्रालय केंद्रीय सड़क निधि का पैसा राज्यों को इसी एसओआर के आधार पर बनाये गये डीपीआरया सड़कों के इस्टीमेट को आधार बनाकर स्वीकृत किया जाता है; वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में पिछले दस वर्षों से रु. 25 लाख, एकहरी सड़क चौड़ाई 5 मी. दोहरी 10 मी. रु. 50 लाख स्वीकृत किये जा रहे साथ ही सड़कें भी 3 वर्ष की गारंटी में बनाई जा रही हैं। जबकि दूसरी ओर वही राष्ट्रीय राजमार्ग डकैत प्राधिकरण निजी बीओटी में रु. 15 से रु. 17 करोड़ में सड़कें गिरवी कर ठेकेदारों के साथ 50 से 80% कमीशन डकारा इस तात्कालीन भूतल परिवहन मंत्री कमलनाथ ने पूरे भारत में 70000 किमी. से ज्यादा सड़कों पर रु. 7 लाख करोड़ के खर्च का प्रावधान है। अर्थात यदि सड़कों की वर्तमान वास्तविक निर्माण 4 लेन रु. 2 करोड़ प्रति किमी. और सिक्स लेन रु. 3 करोड प्रति किमी. भी मान लें, तो भी प्रति किमी. रु. 10 से रु. 12 करोड़ विशुद्ध कमीशन ठेकेदार से डकार कर ये सारे हरामखोर भूतल परिवहन मंत्री डकैत कमलनाथ, उसका प्रधान सचिव, सचिव, रा.रा. डकैत प्राधिकरण का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, वहां बैठे डकैत इंजीनियरों से लेकर प्रदेश स्तर पर बैठे परियोजना कार्यान्वयन के महाप्रबंधक और प्रबंधक भी अरबों रु. डकार लेंगे।

यहां भी करीब रु. 4.50 लाख करोड़ से 6 लाख करोड़ अगले दो तीन वर्षों में डकार लिये जायेंगे क्योंकि रु. 7 लाख करोड़ से 6 लाख करोड़ अगले दो तीन अगले दो तीन वर्षों में डकार लिये जायेंगे क्योंकि रु. 7 लाख करोड़ की सड़कों में वास्तविक खर्च वर्तमान दरों पर रु. 2 करोड़ से 3 करोडत्र रु. प्रति किमी. ही है जबकि यह डकैत प्राधिकरण रु. 10 करोड़ से रु.16 करोड़ तक के इस्टीमेट तैयार करवाकर सड़कों को बीओटी ठेकेदारों की गिरवी कर रहा है, जबकि इसका एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि अधिकांश राष्ट्रीय राजमार्ग दो लेन और 4 लेन तो पहले से है ठेकेदारों को मात्र 2 लेन बनी हुई सड़कों पर ही आजू-बाजू में बनाना है जिसका खर्च मात्र रु. 1 से 2 करोड़ ही आयेगा अधिकतम, साथ भूमि अधिग्रहण का कार्य स्वयं केंद्र शासन ही भुगतान कर रहा है तो फिर रु. 8 से 12 करोडत्र प्रति किमी. की अधिक दरों पर सड़कें जानबूझकर किस कारण से बेंची जा रही है और क्यों? इसका एक छोटा सा उदाहरण देवास राऊ 42 किमी. 5 लेन रोड पहले से ही सीमेंट कांक्रीट का बना हुआ है और यातायात का दबाव भी कोई खास नहीं था, इसके विपरीत इस विपरीत इस रा.रा. 3 को सिक्स लेन बनाने के लिए रु. 450 करोड़ में गायत्री कंस्ट्रक्शन को बिना बनाये ही टोल, ठेके को प्रारंभ करने के साथ ही वसूल करने का अधिकार देकर शुरुआत करना दी गई, उस हरामखोर जालसाज गायत्री कंस्ट्रक्शन ने सड़क में बरसात से बने गड्ढों के पेंच सुधारे बिना ही पहले टोल बूथ बनाकर मांगलिया पर वसूल शुरू करने की तैयारी कर ली थी। वह तो जनता के दबाव और उच्च न्यायालय के स्थगन के कारण टोल वसूलने से वंचित हो गया। इस पर भी ठेकेदार ने पेंच सुधार कर थिगड़े लगाये वह भ मात्र 5% हिस्से अर्थात लगभग 2 किमी. पर खर्च किया मात्र 3 से रु. 5 लाख, मांगलिया बाईपास से टोल बूथ तक मात्र 400 मी. में न तो खुदाई की गई, न बोलर बिधाये गये 6'' मिट्टी साफ कर गिट्टी बिछा कर टोल बूथ तक 4 लेन बना दिया गया। खर्च हुआ मात्र अधिकतम रु. 5 लाख। ये है राष्ट्रीय राजमार्ग की गुणवत्ता का एक छोटा सा उदाहरण।

वैसे तो पूरा रा.रा. क्र. 3 बेंच दिया गया है। देवास से मवसी तक वर्षभर गुजरने के बाद कोई काम अभी तक इस 35 किमी. में नहीं किया गया, वही हाल इस रा.रा. लूट प्राधिकरण का इंदौर झाबुआ मार्ग पर भी है। इसके हरामखोर ठेकेदार आईटीआर ने 6 लेन सड़क का निर्माण कार्य पिछले वर्ष अप्रैल से शुरू तो कर दिया था, परन्तु मूल सड़क पर इंदौर से धार तक न करने के कारण न्यायालयों में याचिकाएं तक लगा दी गई, परन्तु उस शूकर ने पुरानी सड़क पर रखरखा की अपेक्षा टोल शुरू कर वसूली के लालच में पहले नई सड़क बनाने में लगा हुआ है। यही हाल पूरे म.प्र. के रा.रा. राजमार्गों का है।

वही हाल इंदौर से सेंधवा तक रा.रा.क्र. 3 जो कि नया बनाया गया था उस पर टोल लगाया गया, परन्तु वर्तमान मं उसकी स्थिति भी ज्यादा बेहतर नहीं है। इसके विपरीत टोल टैक्स हर वर्ष 10% की दर से बढ़ाया जा रहा है।

वास्तविकता में पूरा राष्ट्रीय राजमार्ग डकैतों को सौंप दिया गया है। जो रु. 1 लगाकर 90% कमायेंगे अगले बीस वर्ष तक वसूलेंगे जो कि उनके बीस वर्ष में कुल विनियोग को 3000 गुना कमाई देगा, वह भी टैक्स फ्री, अर्थात जनता से सारी वसूली और डकैती में इनके सबके कमीशन भी 50% तक मिलता रहेगा जो इनकी वर्तमान के साथ भावी पीढ़ियों की व्यवस्था कर देगा।

जहां तक पेट्रोल की तेजी से बढ़ती कीमतों का सवाल है तो इसकी भी हकीकत है मोटा कमीशन और केंद्र सरकार पेट्रोलियम पदार्थों पर दोनों हाथों से कमा रही है। जहां तक अनुदान का सवाल है तो इसके विपरीत 40% करों का भारी भरकम बोझ भी लादा हुआ है। उस पर भी शिक्षा 2% सेस, 0.5% उच्च शिक्षा, 2% सड़क से भी वसूला जा रहा है, सड़कों पर 2% के मान से लाखों करोड़ रु. सड़क निधि में इकट्ठा हो रहा है। हजारों कराड़ की बात बेमानी है। उस पर भी राजमार्गों से टोल टैक्स क माध्यम से हर किमी. पर 50 पै से 1 रु. व रु.2 टोल टैक्स वसूली और प्रति ली. रु. 44 का केंद्रीय और रु. 24 का राज्यों के कर वसूले जाते हैं। इसके 0.5% कुल गाड़ी की कीमत रोड टैक्स पंजीयन पर भी वसूला जाता है। कारों की कीमत में लगभग सभी प्रकार के 150% टैक्स जिसमें कस्टम ड्यूटी, राज्य और केंद्र का विक्रय कर भी शामिल है। जिसमें कच्चे माल का भी टैक्स जुड़ा है। आखिर जनता को हर कदम कितना और कब तक लूटा जायेगा।

दो वर्ष बाद सड़कों की हालत क्या होगी ये पुराने राज्य के बीओटी और केंद्रीय रा.रा. के बीओटी पर ही सामने आ जायेगी।सूचना के अधिकार में क्षेत्रीय कार्यालय को पत्र दिया था, परन्तु जालसाज शूकरों की वही जालसाजी पूरी नीतियां जवाब न देने के हथकंडे अपनाये गये। भोपाल के प्रादेशिक कार्यालय में अपील की गई तो वहां इनसे बड़े शूकर बैठे थे, उनके पत्र से तो यह स्पष्ट लगा कि वो महाप्रबंधक नहीं वरन् राष्ट्रीय राजमार्ग उसकी बपौती है। जालसाज हरामखोर अपनी काली करतूतों का चिट्ठा कैसे सौंप दें। निष्कर्ष यह है कि जनता को ही सड़कों पर उतर कर इन डकैतों को गुर्जर आंदोलन की तरह आंदोलन कर अपने अधिकारों की सुरक्षा करना पड़ेगी।

साप्ताहिक समय माया

चीन की तरह भारत में भी पूरे देश में हो

हर मोहल्ले में हो जिम, इंडोर आउट डोर खेल व्यवस्था

अगले 5 वर्षों में ही स्वस्थ, स्फूर्त, ताजगी भरा होगा पूरा देश

विश्व में आबादी में हमारे देश का दूसरा स्थान है। पर ऑलोपिंक में हमारा स्थान चीन, जापान, रुस और अमेरिका जैसे देशों के बाद भी नहीं आता। आखिर क्यों? बेशक भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है। इसके विपरीत हमारी 60 वर्षों से ज्यादा की आजादी के बाद भी हमने इसके लिए कोई ठोस नीति ही तैयार ही नहीं की। वर्तमान में पूरे देश में सैकड़ों 10 लाख से ज्यादा की आबादी के नगरों में संपूर्ण सुसज्जित न तो इंडोर स्टेडियम है, न ही आउटडोर स्टेडियम और खेल मैदानों की व्यवस्था की है। तो फिर 10000 से 1 लाख की आबादी के 1 लाख से ज्यादा तहसील स्तर के नगरों में इन आंतरिक और बाह्य खेल मैदानों की व्यवस्था की कल्पना ही बेकार है। स्वाभाविक है 20 करोड़ से ज्यादा आबादी तो अधिकांश खेलों को केवल टीवी पर ही देख पाई है। जब खेल होते हुए सामने देख ही नहीं पाएंगे तो खेलेंगे क्या खाक दूसरी ओर हमारे देश में 5 से 15 वर्ष की आय के 25 प्रतिशत बच्चों को अभी भी मां बाप के साथ घरेलु और जीवन यापन के व्यवस्थाओं में ग्रामीण बच्चें मुश्किल से ही स्कूलों तक पहुंच पाते है। सरकारी स्कूलों के भोजन की व्यवस्था भले ही पंचायतों से लेकर प्रदेश और देश की राजधानी तक में कागजों पर ही सिमटी हुई है। मध्यान्ह भोजन का अनाज सरपंच और ग्रामीण विद्यालयों के शिक्षक ही मिलकर आधे से ज्यादा उकार रहे है। इस मध्यान्ह भोजन का एक कड़वा सच यह भी है। कि इस मद में अधिकतम आबंटन के लिए सरपंच और सरकारी स्कूलों के शिक्षकों ने मिलकर कुल स्कूल जाने योग्य बच्चों की संख्या से दुगुने बच्चों की संख्या, नाम, माता-पिता के नाम उनके हाजिरी पंजी में चढ़ा रखे है। ताकि उनके भोजन के नाम से प्राप्त धन, अनाज व अन्य सामग्रियों का आबंटन में बंदर बांट कर सके। पिछले 5 वर्षों से सबसे सर्वोच्च न्यायाय ने स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के आदेश दिए है। शिक्षकों, प्राचार्यों और गांवों के सरपंचों शहरीय आबादी में वार्डो और परिषद के सदस्यों को कमाई और भ्रष्टाचार का नया स्त्रोत मिल गया है। वेशक ग्रामीण और शहरीय सरकारी स्कूलों में 20 से 25 प्रतिशत विद्यार्थियों की बढ़ोतरी हुई है। यदि इन सभी बच्चों को पर्याप्त खेल की सुविधाएं और अच्छे खेल शिक्षक भी मिल जाए तो स्वाभाविक है हमारा प्रदर्शन खेलों में पदकों की बढ़त के साथ बेहतर होता जाएगा। चीन ने अपने देश में खेलों का प्रदर्शन सुधारने के लिए जिस तरह से हर गांव, नगरों के हर गली, मोहल्लों में सार्वजनिक जिम, व्यायाम केन्द्रों को खोलने के साथ ही मुफ्त में खेले के लिए आंतरिक और बाह्य खेलों को खेलनेके लिए सार्वजनिक केन्द्र खोल कर बच्चों, युवाओं के साथ प्रौढ़ और बुजुर्ग पीढ़ी को भी आकर्षित कर, जनता के स्वास्थ्य पर होने वाले खर्चों को भी घटाया दूसरी तरफ आमजन को स्वास्थ्य और स्फूर्त बना कर अपनी आर्थिक अर्थव्यवस्था में भी औद्योगिकी करण में भी ताजगी भरा माहौल पैदा कर विश्व में स्थापित कर दिया। भारत में भी न केवल खेलों के विकास वरन स्वास्थ्य, स्फूर्त भारत की आबादी के लिए हमें भी चीन से यह सबक सीख लेना चाहिए। हमें भी हर नई विकसित होती, बस्ती कालोनी, नगर, व हर 10000 से ज्यादा बड़ी आबादी के क्षेत्र नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के नियमों और कानूनों में भी यह व्यवस्था की जानी चाहिए।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

भाजपाई मुख्यमंत्री का इतिहास है सत्र समय पूर्व समापन,

बजट सत्र 11-12 समय पूर्व ही होगा समाप्त

भ्रष्ट, अपने ही कुकर्मों से भयभीत हो, विपक्ष का सामना करने से बेहतर, समय पूर्व ही सत्र समापन कर देते हैं

भोपाल। म.प्र. में भाजपा की सरकार का मुख्यमंत्री चाहे वर्तमान नगरीय प्रशासन मंत्री बाबूलाल गोर हो, या वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान दोनों ने ही 23 में से मात्र 6 सत्र पूरे किये अर्थात 75% सत्र 17 सत्र समय पूर्व ही बहाने बनाकर समाप्त कर दिए गए।

12वीं विधानसभा का गठन 5/12/03 को किया गया, जिसकी समाप्ति नवम्बर 8 में हो गई इसे 15 सत्र संपन्न हुए जिसमें से मात्र 3 सत्र ही पूरे हुए अर्थात 80% सत्र समय पूर्व ही समाप्त कर दिये गये, जिसमें पहले दो सत्र उमा भारती के कार्यकाल के थे जो मुख्यमंत्री रहते हुए सुश्री उमा भारती पूरे किये वादे में मुख्यमंत्री बाबूलाल गोर ने पहला सत्र पूरा किया बाद के 12 सत्र जिसमें 272 बैठकें होनी थीं; कोई भी पूरे नहीं किये गये उसमें मात्र 158 बैठकें ही हो सकीं, जिसके पीछे एक मात्र कारण रहा कि जनता को भविष्य की शब्दों की मीठी रेवड़ी बांटकर सत्ता तो हथिया ली परन्तु सत्ता प्राप्त कर ये भी न केवल ईमानदारी, पारदर्शिता के साथ ही काम नहीं कर पाए वरन इनका प्रबंधन भी भ्रष्टाचार और भ्रष्ट अधिकारियों के कारण बेशर्मी पूर्ण रहा, जिसके बारे में ये विपक्ष के तेवरों का सामना करने की स्थिति में ही नहीं थे इसलिए 12 सत्रों का समय पूर्व समाप्ति कर दी गई।

13वीं विधानसभा में भी भाजपा का ये मुख्यमंत्री जनता के सामने भले ही भोली और मीठी बातें कर आश्वासनों के पुलिंदे थमाकर वाहवाही लूट लेता हो, इसके विपरीत इस विधानसभा के 8 सत्रों में से मात्र 3 ही सत्रों में लगभग पूरी बैठकें हुई; जबकि पहले एक दिन तो श्रद्धांजलि और दूसरी कार्यवाहियों में पूरे कर दिए जाते हैं। 13वीं, विधानसभा के आधे सत्र 8 पूरे हो चुके हैं जिसमें 63 बैठकें होना थीं मात्र 66 बैठकें हुईं अवश्य पर 8 बैठकें पहले 16 दिन श्रद्धांजलियों और अन्रू औपचारिकताओं में ही बर्बाद चले गये। म.प्र. का बजट सत्र जो 21फरवरी से शुरू होकर 8 अप्रैल 2011 तक चलना है, जिसे होली के पूर्व 18 माच्र तक ही समाप्त कर दिया जाएगा और ज्यादा हल्ला मचा तो 25 मार्च तक खींचा जा सकता है। जिसकी संभावना नगण्य है। हां समय माया के इस लेख के बाद हो सकता है बेशर्मी से बचने के लिए 1 अप्रैल तक खींचा जाए। यहां भी मात्र समय पूर्व सत्रावसान के पीछे भी वही भ्रष्टाचार, प्रबंधन की असफलताओं, बढ़ते अपराध, गिरती जनसुरक्षा, किसानों की आत्महत्याओं, किसानों के मुआवजे के मुद्दों के सामने सरकार, उसके मंत्री टिक नहीं पायेंगे और किसी भी कारणों का बहाना लेकर सत्रावसन कर दिया जाएगा।

म.प्र. शासन-अंधे पीसे कुत्ते खायें

भ्रष्टों को क्रीम, मेहनतकशों को नीम

जसं.वि. में सचिव प्रजापति, लोस्वायां. में डामोर, लोनिवि में शुक्ला, तीनों महाभ्रष्ट गैर कानूनी तरीके से वसूली के लिए बैठाये

म.प्र. की सत्ता विशुद्ध नयन सुखों द्वारा चलाई जा रही है। पूरे प्रदेश के हर विभाग में सभी बड़े भ्रष्टों को क्रीम खिलाई जा रही है और मेहनतकशों को उनकी मेहनत के बदले कड़वी, हर कदम विसंगतियों से परेशानियों, मुसीबतों, स्थानांतरण, संलग्नक, निलंबित पदोन्नतियां, की नीम की कड़वी खुराक पिलाई जा रही है। म.प्र. के जल संसाधन विभाग को ही लें, यहां पूर्व में बैठे महाजालसाज और भ्रष्ट जिसका जाति और मूलनिवासी प्रमाण पत्र फर्जी है जिसे समय माया ने दस्तावेजों के साथ प्रकाशित किया था, जिसमें स्पष्ट किया गया था कि इस प्रमुख अभियंता ने जो होशंगाबाद जिले का रहने वाला है परन्तु जातिप्रमाण पत्र छतरपुर का प्रस्तुत कर इसने आरक्षित वर्ग से नौकरी प्राप्त की और 30-32 वर्षों से पदोन्नति की आस में बैठे इसके साथ नियुक्त हुए सहायक यंत्री अभी भी उसी पद पर बैठे हैं परन्तु फर्जी जाति के दम पर यह प्रमुख अभियंता पद पर विराजमान हो गया। साथ ही यह भी भ्रष्ट प्रधान सचिव अरविन्द जोशी जो आयकर छापे में रुपए 4 करोड़ से ज्यादा की नकदी और रुपए 350 करोड़ की अन्य संपत्तियों के साथ पकड़ा गया था और म.प्र. जल संसाधन विभाग का प्रधान सचिव था ने इसी प्रजापति के माध्यम से म.प्र. जल संसाधन में अरबों रुपए की डकैती डाली थी उसकी आयकर जांच और लोकायुक्त जांच में भी इसको बचाया गया था जबकि यही प्रजापति उसके साथ मिलकर लूटो और लुटाओ में शामिल था। वर्तमान प्रधान सचिव ने इसके भ्रष्टाचार और जालसाजियों के चलते व अपने मातहतों के साथ बहुत बत्तमीज तरीके से उन्हें लताड़ने और वसूली करने के कारण प्रमुख अभियंता पद से हटा दिया था व मंत्रालय में अटैच कर दिया गया था, भाजपा सरकार के भ्रष्ट शिवराज और उसके मुख्य सचिव अवनिवैश्य ने मोटा धन डकारकर उसी प्रजापति को म.प्र. जल संसाधन को निम्न पत्र के आदेश से सचिव नियुक्त कर दिया गया है। जबकि प्रजापति के फर्जी जाति और मूल निवासी प्रमाण पत्र की जांच चल रही है, बेशक यहां बैठे महाभ्रष्ट जालसाज ज.सं. मंत्री जयंत मधैया ने भी इसे सचिव बनाने में रुपए 2 से 5 करोड़ वसूले होंगे।

इसे मुख्य सचिव अवनिवैश्य ने सचिव शायद इसीलिए ही बनाया है कि रुपए 700 करोड के केंद्र सरकार के बुंदेलखंड पैकेज से म.प्र. जल संसाधन की हिस्से में आने वाले रुपए 100 से 150 करोड़ में से आसानी से 25 से 50% हजम किया जा सके, ताकि मु.स. को भी रुपए 10-20 करोड़ मिल सके अन्यथा क्या कारण था कि इस जालसाज को विभाग का सचिव नियुक्त कर दिया गया।

यही हाल म.प्र. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के प्रमुख अभियंता पद की कमान संभाले 5 हत्याओं के जुर्म से धन और जालसाजी से बरी हुए सैकड़ों करोड़ की खरीदी में घोटाले अकेले इंदौर में मुख्य अभियंता के पद पर बैठकर 21 संभागों की खरीदी, आवंटन में से हर वर्ष रुपए 50 से 100 करोड़ डकारने वाले, जिसकी लोकायुक्त जांच के मामले में इंदौर उच्चन्यायालय से पिछले तीन वर्ष से कानूनी दांव पेंचों में स्थगन को पैसे के दम पर उलझाकर प्रमुख सचिव आर.के. स्वाई, लो. स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गौरीशंकर बिसेन जो भ्रष्टाचार के धन के साथ ही सुरा-सुंदरी के शौकीन हैं। इतने सारे भ्रष्टाचारों के चलते भी प्रमुख अभियंता पद पर जीएस डामोर को न केवल पदोन्नत कर दिया और इन जांचों के चलते प्रमुख अभियंता पद से एसके सक्सेना के सेवा निवृत्ति के बाद प्रभारी प्रमुख अभियंता पद पर सुशोभित कर दिया। पिछले 5 माह से प्रमुख अभियंता पद के लिए उसे ज्यादा बार स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक ली गई परन्तु जान बूझकर लाइन में बैठे मुख्य अभियंताओं को प्रमुख अभियंता के पद पर स्थाई नियुक्ति के मामले में टाला जा रहा है। दूसरी ओर एक वरिष्ठ मुख्य अभियंता को जिसकी सेवा निवृत्ति 31/1/2011 को होना थी, 23/1/11 को प्रमुख अभियंत्रकी योग्य मानकर 27/1/11

को प्रमुख अभियंता घोषित कर 31/1/11 को सेवानिवृत्त कर दिया, अब स्वाभाविक है कि इस सारे खेल का सूत्रधार प्रभारी प्रमुख अभियंता जीएस डामोर पूरे प्रदेश के बजट में से जो लगभग रुपए 2000 करोड़ से ज्यादा का है न्यूनतम 20 से 25% डकार जाएगा 31/3/11 समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में पूरा म.प्र. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि इसके बैठते ही सारे भ्रष्टों की बांछे खिल गईं। दूसरी ओर इस हरामखोर जालसाज ने चारो तरफ ऐसी जमावट कर ऐसे बुद्धिहीन नालायक अधिकारियों को बैठा दिया ताकि यह प्र.भ. डामोर जो कहे उसे वो आंख मींच कर दें। अब इंदौर वृत्त में ही लें यहां बैठा अधीक्षण यंत्री सोलंकी ऊपर का भी खाली है। यहां बैठा महाभ्रष्ट मक्कार स्टॉफ जिसमें नागर जैसे अधीक्षक इसे जैसा नचाते हैं वैसे ही ये नाचता है, बाकी ऊपर का आदेश जैसा मिलता है करता चलता है। कौन सा कानून, कैसा कानून, इसका एक उदाहरण इंदौर संभाग में बैठा का.अ. अहिरवार ने 27-28 जन 11 को कुछ 2 से 5 लाख रुपए के 4-5 टेंडर खोले किसी में भी अर्नेस्ट मनी की एफडी नहीं थी सारे टेंडर खोले गये, ऐसे टेंडर्स पिछले फरवरी 10 से वर्तमान तक लिए व खोले जा रहे हैं पर कोई देखने सुनने वाला नहीं है, सरकारी पैसा लूटों और लुटाओ।

यही हाल यहां बैठे इंदौर-उज्जैन संभाग के जिलों 21 संभागों में हर वर्ष रुपए 500 करोड़ से ज्यादा की खरीदी की जाती है। यहां बैठे मुख्य अभियंता भी इस जी.एस. डामोर की कठपुतली हैं। विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मु.अ. संकुले निहायत निकंमा, बुद्धिहीन है डामोर जैसे धूर्त भी यही चाहते हैं कि पूरे प्रदेशभर में ऊंचे पदों पर बुद्धिहीन अधिकारियों को बैठाकर आंख मींचकर वसूली की जाए; इसलिए सूचना के अधिकार में पत्र देने पर यहां बैठे धूर्त फर्जी जाति प्रमाण के आधार पर कार्यवाही करने की अपेक्षा अजय दाहिमा औपचारिकताएं पूर्ण करता है। जिससे इंदौर यांत्रिकीय विभाग में बैठकर सन 2003 से 2008 तक बैठकर रुपए 50 करोड़ से ज्यादा का धन विभिन्न गैर कानूनी कार्यों से डकारा। सूचना के अधिकार में कैसे जानकारी देगा।

यहां पर एक अधीक्षण यंत्री सी.के. सिंग भी संचालक हैं। चूंकि थोड़ी बहुत बुद्धि का उपयोग करना जानते थरे इसलिए इस बंदे को न तो ऑफिस में बैठने की जगह दी गई और न ही कोई काम मात्र इसलिए ही कि वो बुद्धि का उपयोग और कानून की बात करता है। यह भी डामोर की भ्रष्ट, जालसाज और आपराधिक मानसिकता का उदाहरण है कि जिसे सरकार रुपए 40 से 50 हजार वेतन दे रही है। उससे डामोर इसलिये काम ले व दे नहीं रहा ताकि इस हरामखोर का पूरे प्रदेश में कागजों पर काम करवाकर मै। दान में खुली लूट और डकैती चलती रहे; ये है शिव और अवनि की सरकार जहां भ्रष्टाचार में डूबे अंधों को जन धन की बर्बादी नहीं दिख रही। इस विभाग में पूरी कार्यप्रणाली ध्वस्त होने के कगार पर आ गई है। ये है भ्रष्टाचार मुक्त शिव सरकार, जहां भ्रष्टों को पाला पोसा और सैकड़ों अपराध और भ्रष्टाचार करने के बाद भी प्रमुख अभियंता पद पर बैठा दिये गये, क्योंकि इस प्रमुख अभियंता डामोर के टुकड़ों पर प्रधान सचिव आर.के. स्वाई, मंत्री बिसेन न केवल पलते हैं वरन् यह धूर्त उनकी रोटी ओर लंगोटी की भी व्यवस्था करता हैं।

प्रमुख विस्तार पर लोक निर्माण विभाग

भ्रष्टाचार की हरियाली के अंधे प्रशासन ने पूरे प्रदेश के हर विभाग में भ्रष्टाचार से धन नोचने वालों को अपनी कमाई के लिए हर प्रकार का संरक्षण दिया। यहां तक कि सेवा निवृत्ति के बाद भी सेवा विस्तार देकर वसूली के लिये लोक निर्माण जैसे विभाग में भी प्रमुख अभियंता शैलेन्द्र शुक्ला, जिसे सुंदरी नृत्य दर्शन के बिना नींद नहीं आती; के भ्रष्टाचार के किस्से पिछले 6 वर्षों से लगातार जनहित में प्रकाशित किये हैं; जो विद्युत यांत्रिकीय से इंजीनियरिंग उत्तीर्ण हैद्ध को मात्र भ्रष्टाचार से लूट-खसोट और वसूली के लिये ही प्रमुख अभियंता, जो कि सिविल इंजीनियरिंग उत्तीर्ण न होने के बाद भी पद नवाजा गया, सेवानिवृत्त होने के बाद भी उसे विस्तार देकर पूरे लोक निर्माण विभाग को भ्रष्टाचार से पाट दिया गया। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार रुपए 5 करोड़ खर्च कर उसे विस्तार मुख्य अभियंताओं के पद खाली होने के कारण दे दिया गया, अब जबकि उसने 4-5 बार पुनः विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक को टाला गया ताकि मुख्य अभियंताओं की पदोन्नतियों के अभाव में जमा रह कर 2010-11 के 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के धन आवंटन में से वह 10% हिस्सा डकार सके; इसलिए चारों तरफ यह भी ऐसे भ्रष्टों, नाकाराओं की टीम के अभियंताओं से धन लेकर उन्हें बड़े आवंटन और काम वाले पदों पर बैठा रहा है। इसका एक उदाहरण भ्रष्ट और फर्जी प्रमाण पत्रों के दम पर बने का.अ. ए.पी. राणे को ही लें यह तीन वर्ष से ज्यादा समय से इंदौर संभाग क्र.-2 में बैठा था, यह वही अभियंता है जिस पर अंबेडकर भवन महू निर्माण में लोकायुक्त जांच थी, जिसने देवास में अधिकांश सड़कों में 30 से 40% अपने भिंड से बुलाये ठेकेदारों से काम करवाकर डकारा, यही हाल इसने धार संभाग में रहकर भी किया। लेबड़-रतलाम सड़क पर पेंचवर्क में भी रुपए 50 लाख के घोटाले के मामले इसकी बहुत शिकायतें की गई थीं पर सब ले-देकर खत्म कर दी गई। धार और इंदौर से खरीदी में भी मोटा कमीशन डकारा गया। इंदौर संभाग दो में बैठकर इसके साथ मुख्य अभियंता एम.पी. सिंग ने खूब समय वृद्धि और महंगाई वृद्धि में ठेकेदारों से वसूली की गई। अभी भी इंदौर सीाग क्र.-1 में आने के लिए भी प्रमुख अभियंता शैलेन्द्र शुक्ला को रुपए 50 लाख दिये जाने के समाचार हैं। साथ ही यही कारण है कि जब इसका स्थानांतरण संभाग क्र.-1 में कर दिया गया तो इसे संभाग क्र.-2 से प्रभार लेकर दूसरे को इसीलिए देने के आदेश नहीं किये जा रहे; ताकि संभाग -2 के 31/3/11 तक के आवंटन और उसके कार्यों में से 25 से 40% कमीशन जो लगभग रुपए 1 करोड़ से ज्यादा होता है हाथ से निकल जाएगा; इसीलिए प्रभारी प्रमुख अभियंता जो दोनों हाथों से हर आवंटन में 5 से 10% राशि वसूल कर ही उन्हीं संभागों का आवंटन जारी करता है जो नहीं देते उन्हें किसी न किसी बहाने अटकाकर रख कर परेशान किया जाता है।

पूरे म.प्र. में शासन में बैठे, अपनी अंधी कमाई के लिए चारों तरफ हर विभाग में नियम कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए भ्रष्टों को सिरमौर बनाकर दोनों हाथों से वसूली कर रहे हैं। चारों तरफ चाहे वो ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास, पंचायत, ग्रामीण विकास, आदिम जाति कल्याण, वाणिज्यकर आबकारी, कृषि, उद्यानिकी, उद्योग खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, पंजीयन, पुलिस, खनिज, राजस्व, परिवहन कोषालय, शिक्षा, वन, प्रदूषण, पशु चिकित्सा, डेयरी, नर्मदा घाटी आदि में भारी भ्रष्ट अधिकारियों, कर्मचारियों का जमावड़ा है। जितने भ्रष्ट हैं उतने आगे हैं जो सिद्ध करता है, कि अंधे पीस रहे हैं और अधिकारी जीम रहे हैं।

स्वामित्वाधिकारी, प्रधान संपादक एवं प्रकाशक अजमेरा एस.पी. कुमार के लिए मीडिया वर्ल्ड कम्यु/ 299, अम्बेडकर नगर, इंदौर के लिए नवनीत प्रिंटर्स जेल रोड, इंदौर से मुद्रित।
भोपाल प्रतिनिधि- एस.के. भारद्वाज मो. 9074551045, इंदौर कार्यालयः 0731- 2530859, मो. 9300755803